भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 432
उत्तर देने की तारीख 05.02.2024

# आज़ादी का अमृत महोत्सव

432. श्री अण्णासाहेब शंकर जोल्ले :
श्री कनकमल कटारा :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आज़ादी का अमृत महोत्सव (एकेएएम) के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त आयोजनों हेतु उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित करने के लिए क्या विशिष्ट कार्रवाई की गई है?

## उत्तर

संस्कृति, पर्यटन एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
(जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग) : आज़ादी का अमृत महोत्सव (एकेएएम) के अंतर्गत विगत दो वर्षों में लगभग 2.00 लाख समारोह/कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। पूरे देश ने इन समारोहों में सहभागिता की। स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान समारोहों सहित, अकाम के अंतर्गत आयोजित मुख्य समारोह/कार्यक्रम निम्नानुसार हैं:

1. संस्कृति मंत्रालय ने वल्लीयूरकावु मंदिर मैदान, मानन्तवाडी में 30 नवम्बर, 2022 को 217वें पझासी वीराहुती राजा दिवस का आयोजन किया और पझासी राजा के योगदानों का कीर्तिगान किया।

2. हर घर तिरंगा- माननीय प्रधानमंत्री ने 22 जुलाई, 2022 को हर घर तिरंगा अभियान की घोषणा की जिसमें स्वतंत्रता के 75वें वर्ष का समारोह मनाने के लिए लोगों को घर पर राष्ट्र ध्वज लगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। 20 करोड़ से अधिक घरों पर 13 से 15 अगस्त, 2022 तक झंडे फहराए गए और वर्ष 2023 में 10 करोड़ से अधिक लोगों ने harghartiranga.com पर तिरंगे के साथ अपनी सेल्फियां अपलोड की।

3. रानी दुर्गावती स्मरणोत्सव: माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती समारोह की तर्ज पर जबलपुर में 'वीरांगना रानी दुर्गावती स्मारक और उद्यान' का 'भूमि पूजन' किया।

4. सेंट्रल पार्क, कनॉट प्लेस में 29 सितम्बर से 2 अक्तूबर, 2023 तक 'स्वस्ति' क्षेत्रीय राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव आयोजित किया गया। माननीय केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री, श्री अमित शाह ने 2 अक्तूबर को अपनी उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाई।

5. नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 125वीं जयंती के अवसर पर, 8 सितम्बर, 2022 को माननीय प्रधानमंत्री ने इंडिया गेट के निकट काले ग्रेनाइट पत्थर से बनी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 28 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। भारत सरकार द्वारा 23 जनवरी को पराक्रम दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा भी की गई।

6. श्री अरबिन्दो की 150वीं जयंती के विशेष अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री ने श्री अरबिन्दो के सम्मान में स्मारक टिकट और सिक्का जारी किया।

7. "सांस्कृतिक गौरव" थीम के तहत अभियान, श्रुति अमृत एक संगीतमय कार्यक्रम है जो गुमनाम नायकों की स्मृति को सम्मान देने के प्रति समर्पित है। पूरे देश में 1 अक्तूबर, 2022 से 5 फरवरी, 2023 तक प्रसिद्ध गायकों द्वारा प्रस्तुतियां पेश की गईं।

8. रानी लक्ष्मीबाई की जयंती के अवसर पर रामपुर रजा पुस्तकालय, रामपुर में 19 से 29 नवम्बर, 2022 तक महिला स्वतंत्रता सेनानियों पर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। शुरुआत से ही, आजादी का अमृत महोत्सव ने स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायकों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उन्हें उजागर करने का विशेष प्रयास किया है ताकि लोग उनको श्रद्धांजलि अर्पित कर सकें जिनके कारण हमें आज़ादी मिली।

9. आजादी की रेलगाडी और स्टेशन, मेघालय में तिरोत सिंह की स्मृति में कार्यक्रम, लाचित बडफूकन के संबंध में राष्ट्रीय कार्यक्रम, विक्टोरिया मेमोरियल हाल में बिप्लबी भारत गैलरी का उद्घाटन इस दिशा में की गई कुछ प्रमुख पहलें हैं।

10. आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में, स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े गुमनाम नायकों, संगठनों और स्थलों की स्मृति में पूरे भारत में क्रांतितीर्थ नामक एक आउटरीच कार्यक्रम की योजना बनाई गई। इसका उद्देश्य भारत के स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े नेताओं के उपेक्षित या उनके छिपे हुए इतिहास के बारे में पता लगाना है और मुख्यधारा कथानकों में उनके ऐतिहासिक योगदान को शामिल करना है। बिहार, उत्तर प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और ओडिशा में 190 से अधिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और इसमें छात्रों और युवाओं के लिए चित्रकला प्रतियोगिताएं, वाद-विवाद, निबंध लेखन प्रतियोगिताएं, संगोष्ठियां, नुक्कड़ नाटक, संस्थागत कार्यकलाप शामिल थे। शहीदों के परिवारजन को भी 'क्रांतितीर्थ' के अंतर्गत सम्मानित किया गया। ऐसे और कार्यक्रमों का आयोजन अभी भी किया जा रहा है।

11. डिजिटल ज्योत अभियान: सेन्ट्रल पार्क, दिल्ली में लगाई गई स्काई बीम लाइट के माध्यम से लोगों ने हमारे वीर शहीदों के बलिदान को श्रद्धांजलि दी। डिजिटल रूप से श्रद्धांजलि

अर्पित् करने हेतु लोगों के लिए एक वेबसाइट तैयार की गई और लगभग 97 लाख लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

12. मेरी माटी मेरा देश: भारतीयों को अपने देश, इतिहास और संस्कृति से जोड़ने के लिए, भारत की अनमोल सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और राष्ट्रीय गौरव बढ़ाने के लिए आयोजित कार्यक्रम। 36 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में अब तक 2.33 लाख से अधिक शिलाफलकम बनाए गए हैं। अब तक लगभग 4 करोड़ पंच प्रण प्रतिज्ञा सेल्फियां वेबसाइट पर अपलोड की गई हैं। देश भर में 2 लाख से अधिक वीर शहीद सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। 31 अक्तूबर को माननीय प्रधानमंत्री ने हमारे देश के वीर शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अमृत कलश में मिट्टी अर्पण की।

13. 'किला और कहानियां' तथा 'अद्भुत गुफाएं' जैसे अभियानों के माध्यम से, स्वतंत्रता संग्राम में भारत के किलों और गुफाओं के योगदान पर प्रकाश डाला गया। जनजातीय गौरव दिवस के माध्यम से, जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को उजागर किया गया और स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति में स्मरणोत्सव आयोजित किए गए।

14. कर्पूरी ठाकुर: संस्कृति मंत्रालय ने 24 जनवरी, 2024 को कर्पूरी ठाकुर जी की 100वीं जयंती के अवसर पर उनके जीवन और बलिदानों का कीर्तिगान किया। स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान और राजनेता के रूप में उनके ईमानदारी से युक्त जीवन को एक प्रदर्शनी के माध्यम से दर्शाया गया और स्मारक डाक टिकट तथा सिक्का जारी किया गया। उनकी जन्मशती की पूर्व संध्या पर, भारत सरकार ने श्री कर्पूरी ठाकुर जी को भारत के सबसे सर्वोच्च नागरिक सम्मान, भारत रत्न से मरणोपरान्त सम्मानित किया गया।

15. भारत के स्वतंत्रता संग्राम से संबंधित लोगों, घटनाक्रमों और स्थानों की कहानियों की खोज करने और उन्हें प्रलेखित करने हेतु जिले के सूक्ष्म स्तर पर एक डिजिटल जिला संग्रह संकलित किया गया है। अब तक, लगभग 14500 कहानियों को संकलित कर इस पोर्टल पर अपलोड किया गया है। इन कहानियों को मोटे तौर पर 'लोग और प्रसिद्ध हस्तियां', 'घटनाक्रम और घटनाएं', 'छुपा हुआ खजाना'- निर्मित एवं प्राकृतिक धरोहर और 'जीवंत परंपराएं एवं कला रूप शीर्षकों के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है।

सभी मंत्रालय/विभाग, राज्य सरकारों, संघ राज्य क्षेत्र और उनके संबद्ध/अधीनस्थ/स्वायत्त निकाय, सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम आदि ने उनके द्वारा आयोजित कार्यक्रमों पर किए गए व्यय का वहन उनके संबंधित बजट शीर्षों में से किया गया। अकाम के लिए अलग से कोई बजट नहीं है।

*****